



सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सीईओ के साथ की बैठक

नोएडा » दबंग ब्यूरो

सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के साथ एक बैठक की। जिसमें पदाधिकारियों ने मार्केट के व्यापारियों को होने वाली समस्याओं को सीईओ लोकेश एम के समक्ष प्रमुखता से उठाया। पदाधिकारियों ने प्राधिकरण सीईओ को सेक्टर 18 से संबंधित 20 मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। जिस पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. ने सहमति जताते हुए तत्वरित कार्रवाई के लिए अफसरों को निर्देश दिए। बैठक में नोएडा प्राधिकरण के अफसरों के अलावा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के साथ पुलिस विभाग के आला अधिकारी भी उपस्थित रहे। सेक्टर-18 मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुशील कुमार जैन ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने व्यापारियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उनका रुख व्यापारियों की समस्या का हल निकालने के प्रति सकारात्मक था। इस बैठक में सीईओ ने व्यापारी प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं का हल तय समय सीमा के भीतर हो जाएगा। ताकि मार्केट के किसी व्यापारी और वहां आने वाले किसी भी कस्टमर कोई परेशानी न उठाना पड़े।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में वायु प्रदूषण रेड जोन में

नोएडा। बढ़ते प्रदूषण से लोगों की सांसों पर संकट आ गया है। लोगो के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। शानिवार को नोएडा में वायु गुणवत्ता 440 की श्रेणी में और दिल्ली में 468 श्रेणी में दर्ज की गई। जो कि जीवन के लिए बेहद घातक है। दिवाली से पहले ही प्रदूषण चरम पर है। कुछ शहर तो रेड जोन में पहुंच चुके हैं।

नवंबर महीने की अभी शुरूआत ही हुई है, लेकिन प्रदूषण का स्तर बेकाबू होता जा रहा है। जो बेहद चिंताजनक है। हर साल दिवाली के बाद ही पॉल्यूशन बढना शुरू होता है। किन्तु इस बार तो नवंबर के शुरूआत में ही स्मॉग होने लगा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, यूपी की राजधानी लखनऊ का एक्यूआई 174, हरिणाया के गुरुग्राम को 367, ग्रेटर नोएडा 494, फरीदाबाद 460, गाजियाबाद 410, हापुड़ 386, बागपत 394 और मेरठ में 387 रिकार्ड किया गया है।

सार.समाचार

सड़क पर उतरे प्राधिकरण अधिकारी

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के उप महाप्रबंधक एसपी सिंह शनिवार की सुबह-सुबह कई सेक्टरों में पहुंचे तथा जगह-जगह जाकर सफाई व्यवस्था देखी। जन स्वास्थ्य विभाग खंड-1 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल ने भी सुबह सेक्टर- 50, 51, 52, 30, 31, निठारी समेत 28, 29 समेत कई सेक्टरों तथा गांवों का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य निरीक्षकों के साथ खड़े होकर सफाई करवाई। जन स्वास्थ्य विभाग खंड-2 के प्रभारी आर.के. शर्मा ने भी शनिवार सुबह सेक्टर- 105, 108, 104, 92, 82 के अलीवा हाजीपुर, गेझा, सलारपुर तथा भंगेल गांव का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहीं निर्माण कार्य होने पर 4 साइट पर निर्माण कार्य रूकवाया। बता दें कि सफाई के अलावा रोजाना पेड़ों तथा सडकों के किनारे धूल पर अंकुश लगाने के लिए वाटर टैंकर/स्प्रिंकल के जरिए पानी का छिडकाव किया जा रहा है।

ग्रेप के नियमों की अनदेखी करने पर 39 मामले दर्ज

नोएडा। नोएडा में ग्रेप के नियमों की अनदेखी करने पर 39 मामले दर्ज किए गए है। रियल एस्टेट डेवलपर सहित अन्य उल्लंघनकताओं पर 24.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। नोएडा प्राधिकरण की ओर से 26 इकाइयों के चालान किए गए, जबकि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने संबंधी 13 मामले दर्ज किए हैं। नोएडा प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि उसने ग्रेप के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाली 26 इकाइयों पर 13.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने कहा कि उसकी 14 टीमें ग्रेप नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन निर्माण स्थलों, सडकों और खुली जगहों का निरीक्षण कर रही हैं।

वाणिज्यिक बिल्डर प्लॉट योजना लॉन्च

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने एक दर्जन से ज्यादा सेक्टर्स में वाणिज्यिक बिल्डर प्लॉट योजना को लॉन्च कर दिया है। इसके लिए 23 नवंबर तक आवेदन कर सकते है। इसकी प्री बिड बैठक सात नवंबर को प्राधिकरण में होगी।योजना के तहत प्लॉट स्कीम सेक्टर-32, 35, 40, 50, 94, 96, 97, 98, 105, 108, 124, 123 और 135 के लिए है। यहां भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी के जरिये किया जाएगा।यह प्लॉट तीन हजार वर्गमीटर से लेकर 51 हजार वर्गमीटर तक के कुल 18 प्लॉट है। इसमें सबसे ज्यादा प्लॉट सेक्टर-98 में है। यहां प्लॉट्स की संख्या तीन है। साथ ही दो फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) से अधिकतम एफएआर चार तक दिया गया है। इसके अलावा वाणिज्यिक के छोटे भूखंडों की स्कीम भी लांच की जा रही है। यह भूखंड नोएडा के सेक्टर- 16, 18, 20, 27, 31, 39, 40, 69, 70, 71, 80, 82 होजरी कांप्लेक्स में है। इन प्लॉट्स की संख्या कुल 27 है। इनका एफएआर दो हैं। ई नीलामी के जरिये ही इनका आवंटन किया जाएगा। 21 नवंबर तक स्कीम के तहत आवेदन किया जा सकता है। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को भूखंड का आवंटन किया जाएगा।

चेकिंग के दौरान सेक्टर-62, सदर मालखाना सर्विस रोड के पास बाइक सवार लुटेरों से मुठभेड़

पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

नोएडा » दबंग ब्यूरो

थाना सेक्टर 58 पुलिस टीम की शनिवार तडके चेकिंग के दौरान सेक्टर-62, सदर मालखाना सर्विस रोड के पास बाइक सवार लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस टीम की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने दिल्ली से चोरी की गई एक बाइक और 2 तमंचे बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शनिवार तडके पुलिस टीम लेबर चौक पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध बाइक पर सवार होकर आ रहे दो लोगों को रोकने का प्रयास किया। जिस पर बाइक सवार बदमाशों ने बाइक रोकने के बजाय फरार होने लगे हैं। पुलिस टीम ने बाइक सवार बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। जिस पर बाइक सवार बदमाशों ने पीछा कर रही पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस टीम ने सेक्टर-62, सदर मालखाना सर्विस रोड के पास जवाबी फायरिंग करते हुए दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की फायरिंग से दोनों बदमाश गोली लगने के कारण घायल हो गए। बदमाशों की पहचान संगम चौक, थाना खोडा, गाजियाबाद निवासी नितिश राणा उर्फ नितिश बिहारी और मयूर विहार, फेस-3, नोएडा निवासी सुमित के रूप में हुई है आरोपियों के कब्जे से पुलिस टीम ने दिल्ली से चोरी की गई एक बाइक, दो तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाश नितिश के विरूद्ध दिल्ली सहित एनसीआर के विभिन्न थानों में करीब 28 मुकदमें और सुमित के विरूद्ध करीब 8 मुकदमें दर्ज है।

आलोक सिंह हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

नोएडा। थाना सूरजपुर क्षेत्र में पुलिस ने आलोक सिंह हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस का दावा है कि आलोक की हत्या उसकी पत्नी रोली के पूर्व प्रेमी समेत दो लोगों ने की है। पुलिस ने पूर्व प्रेमी और उसके फुफेरे भाई को गिरफ्तार किया है।

सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित देवला गांव में किराए के मकान पर आलोक सिंह अपने परिवार के साथ रहता था। आलोक सिंह के घर में उसकी बीवी और दो बच्चे हैं। आलोक सिंह सूरजपुर में स्थित एक कंपनी में काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। आलोक सिंह बीते सोमवार 30 अक्टूबर की सुबह घर से कंपनी के लिए निकला था, लेकिन शाम को वापस नहीं लौटा। फिर बुधवार नवंबर की दोपहर आलोक सिंह की लाश सूरजपुर में स्थित मिग्सन निर्माणधीन प्रोजेक्ट के पास मिली। डीसीपी सुनीति ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में जांच के दौरान शनिवार को हरदोई निवासी सर्वेश और रिंकू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी सर्वेश ने बताया कि उसकी मृतक आलोक की पत्नी से अवैध संबंध थे। इस बात को लेकर आलोक ने उसके साथ मारपीट की थी। इसी बीच आलोक की पत्नी के संपर्क रवि से हो गए। इस बात से सर्वेश काफी आक्रोशित था। उसने अपनी पूर्व प्रेमिका और उसके नए प्रेमी को सबक सीखने का फैसला लिया।

जॉब का लालच देकर 99 हजार रुपए ठगे

नोएडा » दबंग ब्यूरो

सेक्टर 37 में रहने वाले एक युवक को पार्ट टाइम जॉब का लोभ देकर अज्ञात साइबर ठगो ने अपने जाल में फंसाया। उनसे 99 हजार रुपए की ठगी कर ली। थाना सेक्टर 39 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अमरेंद्र बारीक निवासी सेक्टर 37 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ समय पूर्व उन्हें एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हे टेलीग्राम एप से जोडा तथा शुरूआती दौर में उन्हें कुछ फायदा पहुंचाया। पीड़ित का आरोप है कि धीरे-धीरे आरोपियों ने अपने जाल में फंसा कर उनसे अपने विभिन्न खातों में 99 हजार रुपए डलवा लिया। बाद में उन्हें ग्रुप से निकाल दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लैपटॉप और मोबाइल फोन चोरी

नोएडा। सेक्टर 52 में रहने वाले दो इंजीनियरों के घर से अज्ञात चोरों ने तीन आईफोन और दो लैपटॉप चोरी कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि हैपी नागरिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्त सूयांश के साथ सेक्टर 52 में किराए पर रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 2 नवंबर को वह तथा उनके दोस्त अपने घर में सोए थेए तभी सुबह करीब 8 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर में आया तथा उनके घर से तीन आईफोन और दो लैपटॉप चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि चोर चोरी करके जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी रजनीश वर्मा को जन्मदिन पर मिली ढेरों बधाइयां

नोएडा। नोएडा जोन के एसीपी रजनीश वर्मा को शनिवार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी गई। विभिन्न सामाजिक संगठनों और पत्रकारो ने उनके कार्यालय पर बधाई दी। इस दौरान किसी ने बुके तो किसी ने केक काटकर रजनीश वर्मा का जन्मदिन मनाया। देर शाम तक एसीपी रजनीश वर्मा को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

नोएडा बस डिपो से लांग रूट पर चलाई जाएगी बसें

नोएडा » दबंग ब्यूरो

दिवाली और छठ पर लोगों को परेशानी न हो इसके लिए नोएडा बस डिपो से लॉन्ग रूट पर बसें चलाई जाएंगी। इस बार नोएडा से गोरखपुर और अयोध्या के लिए मिलेगी। नोएडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एनपी सिंह ने बताया कि नोएडा डिपो से कई रूटों पर करीब 180 बस चल रही हैं, जबकि ग्रेटर नोएडा डिपो से 26 रूटों पर 120 से अधिक बसों का संचालन होता है, त्योहारों के दौरान हजारों की संख्या में लोग अपने घर यूपी रोडवेज की बसों से जाते हैं।

यात्रियों की बढ़ोतरी को देखते हुए अतिरिक्त बसें लगाई गई हैं। यूपी रोडवेज बसों में ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से अपनी सीट बुकिंग करवा सकते हैं। वहीं, दिवाली तक सभी कर्मचारियों की छुट्टी भी रोडवेज ने रद्द कर दी हैं। अच्छा काम करने वाले चालक व परिचालक को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

नोएडा-ग्रेनो के बीच ई-बसें चलाने की तैयारी शुरू

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा-ग्रेनो के बीच 100 ई-बसें चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। दस दिन के अंदर बसें चलाने के लिए आरएफपी जारी कर दी जाएगी। प्राधिकरण के सलाहकार कंपनी ने इसको बनाना शुरू कर दिया है। अगले दो-तीन महीने में बसें चलने की उम्मीद है। यहां मिडी बसें चलाई जाएंगी। नोएडा-ग्रेनो के बीच ये बसें प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत चलाई जाएंगी। अभी नोएडा-ग्रेटर नोएडा में कोई सिटी बस सेवा नहीं चल रही है। यहां रोडवेज की बसें कुछ रूट पर चलती हैं। मार्च 2020 तक नोएडा-ग्रेनो के बीच नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) की तरफ से 50 एसी बसें चलाई जा रही थीं, जो अब बंद हो चुकी हैं। अब इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी है। इन बसों को चलाने के लिए सेक्टर-90 में डिपो बनाया जाएगा। पहले यहां पर एनएमआरसी का डिपो था। ये बसें सेक्टर-82 स्थित सिटी बस टर्मिनल से चलाई जाएंगी।

एनपीएस कटौती की उच्च स्तरीय जांच की मांग

उच्च स्तरीय जांच के बाद शीध्र

प्रयागराज » दबंग ब्यूरो

शिक्षकों-कर्मचारियों की एनपीएस कटौती की धनराशि को बिना उनकी सहमति से प्राइवेट कंपनियों में निवेश करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्रदेशीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधि मण्डल आज महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद जी से माघ मेला के टिपलसी कार्यलय में मिला और मांग की कि कुशीनगर, कासगंज श्रावस्ती सिद्धार्थ नगर, प्रयागराज, वाराणसी, इटावा सहित विभिन्न जनपदों में जो इस तरह के प्रकरण प्रकाश में आए हैं उनकी उच्च स्तरीय जांच की जाए।

एकजुट के प्रदेश संरक्षक डा हरिप्रकाश यादव ने कहा कि इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में आक्रोश के साथ यह भय भी व्याप्त है कि उनकी गाढ़ी कमाई का पैसा ऐसे प्राइवेट कम्पनियों में लगा दिया गया है जिसमे लाभ मिलने की सम्भावनायें न्यून है साथ ही शिक्षा निदेशक बेसिक के द्वारा 1 अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित परंतु 1 अप्रैल 2005 के बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षकों के संबंध में मांगी गई सूचना में विशिष्ट बीटीसी 2004 बैच के लोगों को शामिल करने की भी मांग की गई। शिक्षकों और कर्मचारियों के एरियर को ऑनलाइन करने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा को धन्यवाद भी ज्ञापित किया । प्रदेश आय व्यय निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एन पी एस से संबंधित इस तरह के प्रकरण प्रकाश में आने से पुरानी पेंशन की मांग को और भी बल मिल रहा है क्योंकि एनपीएस पूरी तरह शेयर बाजार पर आधारित निवेश है जिसमें पूजी कभी भी डूब सकती है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच के बाद शीध्र दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

पेंशन रूकी हुई है तो जमा कराए जीवन प्रमाण पत्र

गाजियाबाद। जिले के जिन पेंशनर्स की पेंशन रूकी हुई है, वह कोषागार में अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए। मुख्य कोषाधिकारी पुष्पांजलि ने बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले राज्य सरकार के पेंशनर्स का जीवन प्रमाण पत्र कोषागार में जमा किया जाता है। जिन पेंशनर्स की पेंशन रूकी हुई है वह कोषागार कार्याल में स्वयं उपस्थित होकर तथा ऑनलाइन भी जीवन प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं। पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर के निधन की सूचना तत्काल डाक या ईमेल के जरिए कोषागार कार्यालय को दी जाए।

न्यूट्रियोनेक्स मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड

परिसमापन में (पूर्व में श्री लाल महल लिमिटेड के रूप में जाना जाता था:) परिसमापक श्री देबाशीष नंदा
परिसमापक का पता: सीएस-14, सी-फ्लोर, अंसल प्लाजा, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 201010 ईमेल: Liquidator.nutrionex@gmail.com

ई-नीलामी

दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत बिक्री नोटिस का विषय है ई-नीलामी की तिथि और समय: 30.11.2023 अपराह्न 03.00 बजे से 05.00 बजे तक ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 28.11.2023 (अपराह्न 03:00 बजे से पहले) (5 प्रत्येक मिनट के असीमित विस्तार के साथ) परिसमापन में न्यूट्रियोनेक्स मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड (जिसे पहले श्री लाल महल लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के स्वामित्व वाली संपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री, जो माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, बेंच-IV, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा गठित परिसमापन एस्टेट का हिस्सा है। आदेश दिनांक 19 सितंबर 2023। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफॉर्म www.matexauctions.com के माध्यम से की जाएगी।

संपत्ति	आरक्षित मूल्य (INR)	प्रारंभिक ईएमडी राशि (INR)	बोली वृद्धिशील मूल्य (INR)
कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री एक चालू संस्था के रूप में ई-नीलामी का समय अपराह्न 03.00 बजे से 05.00 बजे तक	Rs. 27,73,82,435.50/-	Rs. 2,77,38,243.55/-	Rs. 10,00,000.00/-

निरीक्षण की तिथि - : 21-11-2023 से 27-11-2023 तक
ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि- : 19-11-2023
ईएमडी की अंतिम तिथि - : 28-11-2023
योग्य बोलीदाता तिथि की घोषणा - : 20-11-2023

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं
1. ई-नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित की जाएगी क्योंकि ऐसा आधार अनुमोदित सेवा प्रदाता मैटेक्सनेटप्राइवेट लिमिटेड (मैटेक्सनेट) के माध्यम से किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है।) मंच www.matexauctions.com के माध्यम से
2. पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज जिसमें परिसंपत्तियों का विवरण, ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा और वचन पत्र, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, Liquidator.nutrionex@gmail.com पर परिसमापक से संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है।
3. निरीक्षण की तिथि: 21 नवंबर, 2023 से 27 नवंबर, 2023 (सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00पी.एम. बजे तक) परिसमापक को पूर्व सूचना के साथ। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 28 नवंबर, 2023. (दोपहर 03:00 बजे से पहले)
4. ईएमडी डिमांड के माध्यम से 28 नवंबर, 2023 को या उससे पहले जमा की जाएगी नीचे उल्लिखित बैंक खाते में ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस/चेक: खाता संख्या 047063300004148 लाभार्थी का नाम: न्यूट्रियोनेक्स मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड इन लिक्विडेशन आईएफएससी कोड: YESB0000470 बैंक का नाम: यस बैंक शाखा: वैशाली शाखा।
5. ई-नीलामी प्रक्रिया में विस्तृत नियम और शर्तें उपलब्ध हैं दस्तावेज जिसे ई-नीलामी एजेंसी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा 5 नवंबर, 2023.
6. रुचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि-19 नवंबर, 2023।
7. योग्य बोलीदाताओं की घोषणा- 20 नवंबर, 2023।

देबाशीष नंदा
परिसमापक
मामले में न्यूट्रियोनेक्स मैन्युफैक्चरर्स लिमिटेड-परिसमापन में
(पूर्व में श्री लाल महल लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
आईबीबीआई (पंजीकरण संख्या- आईबीबीआई/आईपीए-003/आईपी-एन00040/2017-2018/10316
पता: सीएस -14, सी-फ्लोर अंसल प्लाजा, वैशाली,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010
ईमेल: Liquidator.nutrionex@gmail.com

दिनांक: 5 नवंबर
स्थान: गाजियाबाद

प्रदूषण के कारण आंखों में जलन

नोएडा » दबंग ब्यूरो

प्रदूषण बढ़ने की वजह से शरीर के अंगों पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण आंखों में इंफेक्शन, पानी आना, आंखों का लाल होना और आंखों में जलन की समस्या हो रही है। प्रदूषण बढ़ने के कारण बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी इस परेशानी का शिकार होते हैं। फेलिक्स अस्पताल के आई स्पेशलिस्ट डॉ. मोहम्मद उजैर ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण में धूल -मिट्टी से बचाव करना जरूरी है। धूल मिट्टी अगर आंखों में चली जाती है तो इससे आंखों में इंफेक्शन हो जाता है। इस कारण आंखों से पानी आना और अन्य समस्याएं होने लगती है।

उन्होंने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से कई तरह के बैक्टीरिया एक्टिव हो जाते हैं। जो आसपास की सतह पर मौजूद रहते हैं। अगर हाथों से आंखों को बार-बार छूते हैं तो ये बैक्टीरिया आंखों में चले जाते हैं। जिससे आंखों में इंफेक्शन हो जाता है और आंखों से पानी आना समेत कई परेशानियां हो जाती हैं। इसलिए आंखों को छूने से बचें। सुबह और शाम में आंखों को धोना चाहिए। इससे आंखों में मौजूद गंदगी बाहर चली जाती है। आंखों को नियमित रूप से धोएं, अगर आंखों में किसी भी प्रकार का इंफेक्शन है तो खुद से दवा लेने या आई ड्रॉप डालने से बचें और डॉक्टर से सलाह लें।

आंखों में जलन खुजली कंजंक्टिवाइटिस जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रदूषण के कारण आंखों में धूल-मिट्टी जमा हो सकती है। इस वजह से आंखों में जलन या खुजली हो सकती है। इसलिए रोज आंखों को साफ पानी से धोएं जिससे आंखों में इनकी धूल-मिट्टी साफ हो सके। हम जिन भी चीजों को छूते हैं उन पर लगे कीटाणु और धूल-मिट्टी हमारे हाथों पर लगते हैं। हाथों को बिना साफ किए आंखों को छूने से इन्फेक्शन हो सकता है। इसलिए हाथों को साबून से अच्छे से साफ करें और बाहर सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। आंखों को रगडने से आंखों में ड्राईनेस और लाल होने का खतरा रहता है। इसलिए आंखों को रगडने से बचें। साथ ही प्रदूषण की वजह से इका हुई धूल-मिट्टी से कॉर्निया को नुकसान हो सकता है।

आंखों पर प्रदूषण के प्रभावों के लक्षण

- आंखों से पानी आना
- आंखों में जलन
- आंखों में खुजली का होना
- आंखों में बैचेनी
- आंखों में दर्द होना
- आंखों का लाल होना
- आंखों के पास सुजन

यह बरतें सावधानियां

- हाइड्रेट रहें
- मास्क पहनें
- अच्छी डाइट लें
- जरूरी हो तभी बाहर निकलें
- यूवी प्रोटेक्टेड चश्मा लगाएं
- आई ड्रॉप्स का उपयोग करें
- ठंडे पानी से अपनी आंखें धोएं
- घर में प्राकृतिक एयर-प्यूरीफाइंग पौधे जैसे मनी प्लांट, एलोवेरा और स्पाइडर प्लांट लगाएं